# अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

क्रंमाक / अविप्रा / सचिव / 2023 / 618 दिनांक 3/2/2023

## बैठक कार्यवाही विवरण

आज दिनांक 03.02.2023 को 12:00 बजे श्री अक्षय गोदारा, आयुक्त, अजमेर विकास प्राधिकरण की अध्यक्षता में कार्यकारी समिति की बैठक आयोजित की गई। जिसका बैठक कार्यवाही विवरण निम्नानुसार हैः–

बैठक में निम्नांकित सदस्यगण उपस्थित हुये :–

1. श्री अमानुल्लाह खान, सचिव, अ.वि.प्रा., अजमेर।
2. श्रीमती भावना गर्ग, अति.जिला मजिस्ट्रेट (शहर), अजमेर
3. श्री पुरूषोत्तम पंवार, सचिव, नगर निगम, अजमेर।
4. श्री अनिल कुमार, निदेशक अभियंत्रिकी, अ.वि.प्रा., अजमेर
5. श्रीमती प्रियंका, उप नगर नियोजक, अविप्रा, अजमेर।
6. श्री हजारीराम सिरवी, निदेशक विधि, अ.वि.प्रा., अजमेर।
7. श्री राजकिशोर मीणा, निदेशक वित्त, अ.वि.प्रा. अजमेर।
8. श्री एन.के. भटनागर, अधिक्षण अभियन्ता, अ.वि.वि.एन.एल. अजमेर।
9. श्री दीपक भार्गव, अधीक्षण अभियंता, एवं तकनीकी सहायक अति. मुख्य अभियंता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, अजमेर।
10. श्री विष्णु शर्मा, अधिशाषी अभियंता जन स्वा. अभि. वि., मॉनिटरिंग, अजमेर।
11. श्री बनवारी लाल मीणा, अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका पुष्कर, अजमेर।
12. श्री एन.के.वर्मा, आर.एम., रीको अजमेर।
13. श्री मोहनलाल मीणा, चीफ मैनेजर, रोडवेज अजमेर।

सर्वप्रथम सचिव, अजमेर विकास प्राधिकरण ने समस्त आगन्तुक समिति के सदस्यो का स्वागत किया गया। बैठक में बाद विचार विर्मश प्रस्तावों पर विस्तृत चर्चा कर निम्नानुसार निर्णय लिये गयेः–

| प्रस्ताव संख्या | विवरण | अनुभाग |
|---|---|---|
| 1 | दिनांक 20.10.2022 को आयोजित प्राधिकरण कार्यकारी समिति बैठक मे लिए गये प्रस्तावों की पुष्टि ।<br><br>निर्णयः– सर्वसम्मति से दिनांक 20.10.2022 को आयोजित कार्यकारी समिति के कार्यवाही विवरण की पुष्टि की गई। | सचिव<br><br>(अमानुल्लाह खान)<br>सचिव |

| | | |
|---|---|---|
| 2 | **CONSTRUCTION OF BOUNDARY WALL, GATE & NALLAH AT MEDICAL COLLAGE AT KAYAD IN AJMER**<br><br>उक्त कार्य की न्यूनतम निविदा दर 9.86% Below PWDBSR 2019 अजमेर वृत पर परिचलन प्रस्ताव के माध्यम से स्वीकृत प्राप्त की गई थी जिसकी पुष्टि हेतु कार्यकारी समिति के समक्ष प्रस्तुत है।<br><br>**संलग्नः– परिचलन प्रस्ताव।**<br><br>**निर्णयः– सर्वसम्मति से कार्यकारी समिति द्वारा परिचलन प्रस्ताव की पुष्टि की गई।** | निदेशक **अभियांत्रिकी**<br><br>(Anil Kumar)<br>Director Engineering<br>A.D.A., Ajmer |
| 3 | **40 MLD STP खानपुरा, अजमेर के Risk & cost के तहत शेष कार्य की निविदा निरस्त किये जाने के क्रम में।**<br><br>उक्त कार्य को पूर्व संवेदक द्वारा पूर्ण नहीं किये जाने के कारण अनुबंध के Risk & Cost Clause के अर्न्तगत कार्य को Rescind कर शेष कार्य की राशि रू. 753.00 लाख की निविदा आमंत्रित की गई थी। शेष कार्य के अन्तर्गत 40 MLD STP का निर्माण, 40 MLD नये एवं 20 MLD पुराने STP से प्राप्त बायोगेस से पावर जनरेशन का कार्य तथा दोनो कार्यों का अलग–अलग आगामी 05 वर्ष तक रखरखाव (O&M) का कार्य शामिल है। जिसमें एकल निविदा मैसर्स MTS-SIEPL (JV) द्वारा प्राप्त हुई, निविदा अनुसार कुल लागत रू. 1936.01 लाख प्राप्त हुई।<br><br>दिनांक 19.12.2022 को Bid Recommendation Committee द्वारा निर्णय लिया गया कि उक्त कार्य की एकल निविदा प्राप्त हुई है, जिसमे दर स्वीकृति बिना competition के किया जाना उचित प्रतीत नही होता है। अतः Bid Recommendation Committee द्वारा एकल निविदा को निरस्त किया गया था एवं साथ ही पावॅर जनरेशन का कार्य किया जाना technically व financially Viable है अथवा नही, के संबंध में Independent Government Agency से रिपोर्ट लिये जाने के निर्णय लिया गया। इस क्रम में अजमेर विकास प्राधिकरण द्वारा पत्र क्रमांक 309 दिनांक 3.01.2023 द्वारा परियोजना निदेशक, आर.यू.आई.डी.पी. जयपुर को पत्र लिखा जा चुका है।<br><br>अतः एकल निविदा निरस्त किये जाने के निर्णय की पुष्टि हेतु प्रकरण कार्यकारी समिति के समक्ष प्रस्तुत है।<br><br>**निर्णयः– सर्वसम्मति से Bid Recommendation Committee द्वारा एकल निविदा निरस्त किये जाने के निर्णय की पुष्टि की गई।** | निदेशक **अभियांत्रिकी**<br><br>(Anil Kumar)<br>Director Engineering<br>A.D.A., Ajmer |

| | | |
|---|---|---|
| 4 | **जवाहर लाल नेहरू चिकित्सालय के टी.बी विभाग में 100 जनरल बैड/फील्ड हास्पिटल के निर्माण कार्य के डिपोजिट स्वीकृति हेतु।**<br><br>जवाहर लाल नेहरू चिकित्सालय के टी.बी विभाग में कोविड 19 के अन्तर्गत 100 जनरल बैड/फील्ड हॉस्पिटल बनाया जाना प्रस्तावित है जिसके लिये राजस्थान मेडिकल एज्यूकेशन सोसायटी जयपुर द्वारा सिविल कार्य हेतु राशि रू 750.00 लाख की प्रशासनिक एवं वित्तिय स्वीकृति जारी की गई है तथा प्रधानाचार्य, जवाहर लाल नेहरू मेडिकल कॉलेज अजमेर द्वारा अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर को कार्यकारी एजेन्सी नियुक्त किया जाना प्रस्तावित है।<br><br>अतः राशि रू. 750.00 लाख के डिपोजिट कार्य की स्वीकृति हेतु प्रकरण कार्यकारी समिति के समक्ष प्रस्तुत है।<br><br>**निर्णयः— प्रस्ताव अनुसार कार्य की मेडिकल चिकित्सा शिक्षा विभाग की स्वीकृति की दशा में Deposit Acceptence की स्वीकृति प्रदान की गई।** | निदेशक अभियांत्रिकी |
| 5 | **पुष्कर में प्रथम चरण में 11 करोड की लागत से वराह घाट चौक, ब्रह्माचौक होते हुए संतोषी माता ढाणी स्थित SUMP तक ड्रेन का कार्य की निविदा निरस्त करने की पुष्टि हेतु।**<br><br>उक्त कार्य माननीय मुख्यमंत्री बजट घोषणा 273.0.0/2022—23 का है जिसके अन्तर्गत पुष्कर में प्रथम चरण में 11 करोड की लागत से वराह घाट चौक, ब्रह्माचौक होते हुए संतोषी माता ढाणी स्थित SUMP तक ड्रेन का कार्य किया जाना है। इस कार्य की संशोधित प्रशा. व वितिय स्वी.राशि रू 11.0 करोड की जारी की गई है जिसमें 50% राशि अविप्रा, अजमेर द्वारा वहन की जानी है शेष 50% राज्य सरकार द्वारा वहन की जानी है।<br>इस कार्य की पूर्व में दिनांक 31.10.2022 को निविदा आंमत्रित की गई थी जिसमे एकल निविदा प्राप्त हुई जिसमे केवल एक सवेंदक द्वारा बिड में भाग लिया गया परन्तु Earnest Money जमा नहीं करायी गई जिस कारण निविदा निरस्त की गई।<br>इस कार्य की पुनः दिनांक 13.12.2022 को निविदा आमंत्रित की गई, जिसमें तीन संवेदकों द्वारा बिड में भाग लिया गया। संवेदकों में से दो संवेदक Technically Qualified हुये। जिसके पश्चात् Financial Bid खोली गई। कार्य का तकमीना RUIDP SOR मई 2022 पर तैयार किया गया था। Financial Bid में दरें अधिक आने के कारण न्यूनतम निविदा दाता से Negotiation किया गया एवं Negotiation किये जाने के पश्चात् Rate | निदेशक अभियांत्रिकी |

Analysis के आधार पर दर अधिक आने के कारण सक्षम कमेटी आयुक्त, सचिव, निदेशक वित्त एवं निदेशक अभियांत्रिकी प्राधिकरण अजमेर के अलावा अधीक्षण अभियन्ता, स्वायत्त शासन विभाग व अधीक्षण अभियन्ता PHED को भी विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में आमंत्रित किया गया था, द्वारा निविदा को निरस्त किये जाने को निर्णय लिया गया। BID DOCOUMENT मे आवश्यक संशोधन करते हुए पुनः निविदा जारी करने का निर्णय लिया गया। अतः निविदा निरस्त किये जाने के निर्णय की कार्यकारी समिति के समक्ष पुष्टि हेतु प्रस्तुत हैं।

**निर्णयः– सर्वसम्मति से कार्यकारी समिति द्वारा Bid Recommendation Committee द्वारा निविदा निरस्त किये जाने के निर्णय की पुष्टि की गई।**

6 **जनाना अस्पताल कैम्पस में गर्ल्स हॉस्टल के निर्माण कार्य की निविदा दर स्वीकृति हेतु।** — **निदेशक अभियांत्रिकी**

उक्त कार्य की वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा राशि 15.00 करोड़ की जारी की गई थी एवं कार्यकारी एजेन्सी अजमेर विकास प्राधिकरण को नियुक्त किया गया था। चिकित्सा शिक्षा विभाग एवं अजमेर विकास प्राधिकरण के मध्य MOA सम्पादित किया जा चुका है। कार्य की पुनः निविदा सूचना संख्या 44/2022–23 दिनांक 23.12.2022 को जारी की गई थी। जिसकी तकनीकी बिड दिनांक 13.01.2023 को खोली गई जिसमें 5 फर्मों की तकनीकी बिड प्राप्त हुई। प्राप्त तकनीकी बिडों का Technical Evaluation तैयार किया गया, और सभी 5 फर्मे रिस्पोन्सिव पाई गई। वित्तीय बिड दिनांक 17.01.2023 को खोली गई। जिसका तुलनात्मक विवरण निम्नानुसार है :–

| Sr. no. | Bidder Name | G-Schedule Amt. | Quoted % Rates by Bidder | Bid Value |
|---|---|---|---|---|
| 1. | M/s Sankalp Realmart& H.S Mehta Infra Joint Venture | 130339539.76 | -4.99 | 123835596.73 |
| 2. | M/s GyarsiLalMohanlal | 130339539.76 | -6.21 | 122245454.34 |
| 3. | M/s Vijay Construction | 130339539.76 | +1.71 | 132568345.89 |
| 4. | M/s Ankit Construction | 130339539.76 | +6.66 | 139020153.11 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 5. | M/s Sneh-NKG(JV) | 130339539.76 | -2.55 | 127015881.50 |

जिसमें न्यूनतम दर M/s GyarsiLal Mohanlal की G-Schedule Amount (Based on PWD BSR Building 2022, PWD Road BSR 2019 Ajmer, PWD Electrical BSR 2022, RUIDP SOR May 2022 and market rates) पर 6.21% Below प्राप्त हुई हैं। न्यूनतम दर के अनुसार कार्य की लागत राशि रू.1222.46 लाख आती है। उक्त प्राप्त दर की सक्षम कमेटी आयुक्त, सचिव, निदेशक वित्त, निदेशक अभियांत्रिकी, अविप्रा, अजमेर द्वारा अनुशंषा की गई है, जिसमें की Principal, JLN Medical College भी Nominate member के रूप में शामिल थे। निविदा की राशि 500.00 लाख से अधिक होने के कारण निविदा स्वीकृति कार्यकारी समिति के सक्षमता है।

अतः प्राप्त न्यून्तम दर 6.21% Below कार्यकारी समिति के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत हैं।

निर्णयः— सर्वसम्मति से निविदा में प्राप्त न्यूनतम दर 6.21% Below की निविदा स्वीकृति प्रदान की गई।

Director Engineering A.D.A., Ajmer

---

**7** | **पंचशील नगर में City Square Mall के सामने स्थित सर्किल को तीन वर्ष के लिए रख—रखाव के लिए MOU बाबत।** | **निदेशक अभियांत्रिकी**

पंचशील नगर में City Square Mall के सामने स्थित सर्किल के विकास एवं रख—रखाव के लिए संस्था Tharwani and Gurnani Foundation ने पत्र द्वारा स्वंय के स्तर पर सर्किल विकसित करने एवं रख—रखाव के लिए निवेदन किया है। इस क्रम में स्वायत्त शासन विभाग के अनुपम मिशन की तर्ज पर अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर के सथा 3 वर्ष के लिए MOU किया जाना प्रस्तावित है।

**निर्णयः— उक्त प्रकरण में निदेशक अभियांत्रिकी द्वारा अवगत कराया गया कि पूर्व में उक्त सर्किल का रख रखाव मैसर्स आशियाना इन्फ्रा द्वारा किया गया था एवं वर्तमान में उनके द्वारा भी एक प्रार्थना पत्र प्राधिकरण में पुनः उक्त सर्किल को गोद लेने हेतु दिया गया है।**

**अतः सर्वसम्मति से कार्यकारी समिति द्वारा विचार विमर्श कर सर्किल व डिवाईडर को गोद देने हेतु स्वीकृति प्रदान की व यह भी निर्णय लिया गया कि विज्ञापन हेतु स्वीकृति नगर निगम अजमेर से लेने के उपरान्त ही विज्ञापन लगाने की कार्यवाही संस्था द्वारा की जाये।**

**चूंकि एक ही सर्किल व डिवाईडर हेतु दो आवेदन प्राप्त हुए है। अतः नियमानुसार किसे कौनसा भाग दिया जाना है उसके लिये आयुक्त अविप्रा को अधिकृत किया गया।**

Director Engineering A.D.A., Ajmer

| | | |
|---|---|---|
| 8 | **कार्य "Widening of road and construction of divider from sr. school Lohagal to Police Chowki Shastri Nagar, Ajmer" के अन्तर्गत अन्तिम समयावधि विस्तार प्रकरण की स्वीकृति बाबत्।**<br><br>उक्त कार्य का कार्यादेश क्रमांक ADA/ACCTS/2018-19/14219 दिनांक 03.10.2018 द्वारा राशि रू. 316.26 लाख मैसर्स Mukesh Vijayvergiya को दिया गया था। जिसकी कार्य प्रारंम्भ तिथि 07.10.2018 व कार्य पूर्णता तिथि 06.10.2019 थी। सड़क मार्ग की चौड़ाई में बिजली के खंम्भो के आने के कारण उनको shift करवाये जाने के कारण संवेदक को ले–आउट दिये जाने में 78 दिवस की देरी हुई।<br><br>उक्त के अलावा उपरोक्त प्रस्तावित कार्य में वन क्षेत्र में आने वाली सड़क के खंड के लिए वन विभाग द्वारा अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिए कार्य रोक दिया गया था। वन विभाग द्वारा लम्बे समय तक NOC नही दिये जाने के फलस्वरूप संवेदक द्वारा आगे कार्य किये जाने में असमर्थता व्यक्त की एवं विभाग द्वारा उक्त कार्य के agreement के clause 32 के तहत दिनांक 28.03.2022 को withdraw किया गया था। वन विभाग की भूमि के अलावा शेष कार्य को संवेदक द्वारा दिनांक 11.06.2021 को 615 दिवस की देरी से पूर्ण किया गया। किये गये कार्य का संवेदक को राशि रूपये 142.85 लाख का भुगतान किया जा चुका है। अजमेर विकास प्राधिकरण द्वारा इस आशय के साथ कार्य पूर्ण नहीं कराया गया कि वन विभाग की NOC प्राप्त होने की स्थिति में सम्पूर्ण कार्य एक साथ ही किया जाना तकनीकी रूप से उचित होगा। वन विभाग की NOC प्राप्त न होने की स्थिति में कार्य को clause 32 में withdraw किया गया था।<br><br>अतः दिनांक 11.06.2021 तक कार्य की अन्तिम समयावधि without compensation बढ़ाये जाने हेतु प्रकरण कार्यकारी समिति के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत है।<br><br>**निर्णयः– सर्वसम्मति से कार्यकारी समिति द्वारा विचार विमर्श कर कार्य की अन्तिम समयावधि without compensation दिनांक 11.06.2021 तक बढ़ाये जाने की स्वीकृति प्रदान की गई।** | निदेशक अभियांत्रिकी<br><br>(...ar)<br>...ector Engineering<br>A.D.A., Ajmer |

9 **Construction work of park (phase-1) near DakBanglow in Pushkar Ajmer. (Deposit Work) में 50% से अधिक quantities स्वीकृत किये जाने बाबत् ।**

निदेशक अभियांत्रिकी

उपरोक्त कार्य का कार्यादेश क्रमांक 3918 दिनांक 16.06.2022 के द्वारा मैसर्स एस. चौहान को दिया गया है। जिसकी कार्य प्रारंभ तिथि 26.06.2022 व कार्य पूर्णता तिथि 25.03.2023 है। यह कार्य बजट घोषणा सं. 213 वर्ष 2021–22 अन्तर्गत राजस्थान पर्यटन विकास लि. का डिपोजिट कार्य है। इस कार्य अन्तर्गत पार्क की एप्रोच रोड़ एंव पार्क का विकास कार्य किया जाना है। उक्त ऐप्रोच रोड पर कॉफी ऊँचे–ऊँचे एवं बड़े रेत/मिट्टी के टीले थे जिन्हे मौके पर E/w cutting कर हटाया गया एवं पार्क में पहुँचने के लिए GSB रोड का निर्माण किया गया। इसके अतिरिक्त प्रस्तावित आंवटित पार्क स्थल पर भी कॉफी ऊँचे–ऊँचे एवं बड़े रेत/मिट्टी के टीले है जिस के कुछ भाग पर E/w cutting की गई है एवं इसके अतिरिक्त पार्क क्षेत्र मे और भी E/w cutting करवाये जाने की आवश्यकता है। मौके की भौगोलिक परिस्थितियों को देखते हुए तक मीना बनाते समय सही Quantities का आंकलन संभव नहीं हो पाया था।

E/W Cutting, Compaction, Watering, Rolling के additional quantities की detail निम्नानुसार हैः

**(Based On PWD Road BSR 2019 Circle Ajmer)**

| S. No | BSR Item No | Particular | Quantity as per BoQ | Proposed Quantity likely to be executed | Unit | Rate | Amount as per BoQ | Proposed Amount | additional quantities | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | | Amount | % |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| **BOQ Items** | | | | | | | | | | |
| 1.00 | R-3.3.1.2 | Earth work in excavation including stacking/ disposal of surplus earth with all lifts and leadupto 1000 meters exclusive of compensation of earth (MoRTH specification Clause 301 to 305). mechanically by power shovel including mechanical loading | 50400.00 Cum | 110000.00 Cum | Cum | 31.00 | 1562400.00 | 3410000.00 | 1847600.00 | 118.25 % |

(... Kumar)
Director Engineering
A.D.A., Ajmer

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | and carriage upto 1 km by tipper/dumper | | | | | | | | |
| 2.00 | R-3.8 | Add extra over Item No. 3.1 to 3.4 for earth work in embankement construction, side slopes etc. including compaction in 200 mm thick loose layers and dressing (MoRTH specification clause : 305.3.5) by manual means with all lead and lift but excluding watering and rolling. | 1680.00 Cum | 55000.00 Cum | Cum | 6.00 | 10080.00 | 330000.00 | 319920.00 | 3173.81% |
| 3.00 | R-3.10 | Extra for watering the earth to bring the earth upto required O.M.C excluding rolling | 12480.00 Cum | 28000.00 Cum | Cum | 9.00 | 112320.00 | 252000.00 | 139680.00 | 124.36 % |
| 4.00 | R 3.12.1 | Extra for rolling to specification with the use of vibratory roller when earth is at suitable moisture content with desired density excluding watering. Field density not less than 95% of maximum dry density (Modified Heavy Proctor test) | 1680.00 Cum | 28000.00 Cum | Cum | 5.00 | 8400.00 | 140000.00 | 131600.00 | 1566.67% |
| | | G- | 20855 | | | | | | | |

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | Schedule Amount | 577.09 | | | | | | | |
| | | **Total** | **20855577.09** | | | | **1693200.00** | **4132000.00** | **2438800.00** | |
| | | Less TP @15.03% | 3134593.24 | | | | 254487.96 | 621039.60 | 366551.64 | |
| | | **Work OrderAmount** | **17720983.85** | | | | **1438712.04** | **3510960.40** | **2072248.36** | |
| | | | | | | | | | **11.69%** | |

(i) उक्त कार्य प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति राशि रू. 210.00 लाख की सीमा में है।

(ii) कार्यादेश राशि से 50%से कम की सीमा में है।

अतः item no. 1 से 4 additional quantity की 50% से अधिक की स्वीकृति हेतु SOP item no. 26 point no. 6 अनुसार कार्यकारी समिति सक्षम है।

**अतःप्रकरण सक्षम स्वीकृति हेतु कार्यकारी समिति के समक्ष प्रस्तुत है।**

**निर्णयः–** **प्रस्तावानुसार** Item No. **1 से 4 तक** Additional Quantity **50% से अधिक की सर्वसम्मति से कार्यकारी समिति द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई।**

(... Kumar)
...ector Engineering
A.D.A., Ajmer

10 **मेडिकल कॉलेज के निर्माण कार्य में Price escalation के भुगतान के स्वीकृति बाबत।** — **निदेशक अभियांत्रिकी**

चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा मेडिकल कॉलेज के निर्माण हेतु अजमेर विकास प्राधिकरण को कार्यकारी एजेन्सी नियुक्त किया गया था।

यह कार्य अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर द्वारा Deposit के तहत कराया जा रहा है। उक्त कार्य का कार्यादेश राशि रूपये 1459471967.70 दिनांक 02.02.2022 को कार्यकारी समिति की निविदा स्वीकृति के पश्चात प्राधिकरण द्वारा दिया गया था एवं कार्य प्रारंभ करने की नियत तिथि 12.02.2022 व कार्य पूर्ण करने की नियत तिथि 11.08.2023 थी। चिकित्सा शिक्षा विभाग व अजमेर विकास प्राधिकरण के मध्य Memorandum of Agreement किया गया था, जिसकी शर्त अनुसार कार्य पूर्ण करने की नियत तिथि तक Price escalation का भुगतान संवेदक को देय होगा। वर्तमान में कार्य प्रगति पर है एवं आदिनांक तक राशि 451533242.00 का कार्य पूर्ण कर संवेदक को भुगतान कर दिया गया है। संवेदक द्वारा अंतरिम Price escalation का बिल राशि 28037896.54 का भुगतान विभाग में प्रस्तुत किया गया है। जिसका

| | | |
|---|---|---|
| | विवरण संलग्न कर दिया गया है।<br><br>अतः कार्यकारी समिति के समक्ष मेडिकल कॉलेज के अंतरिम Price escalation के भुगतान की स्वीकृति हेतु प्रकरण विचारार्थ प्रस्तुत है।<br><br>**निर्णयः– सर्वसम्मति से प्रस्तावानुसार अंतरिम Price escalation राशि रू. 28037896.54 की कार्यकारी समिति द्वारा विचार विमर्श कर स्वीकृति प्रदान की गई।** | (...umar)<br>...r Engineering<br>...D.A., Ajmer |
| 11 | **नव निर्मित Seven Wonder's Park and its Open Cafeteria के कार्य का PPP मोड पर 5 वर्षों तक रखरखाव कार्य।**<br><br>Seven Wonder's का कार्य स्मार्ट सिटी अजमेर के द्वारा कराया गया था, पार्क की समुचित देखरेख एवं रखरखाव हेतु अजमेर विकास प्राधिकरण द्वारा सुरक्षा गार्ड आदि लगाये गये तथा Seven Wonder's को देखने हेतु दिनांक 02.01.2023 से अजमेर विकास प्राधिकरण द्वारा टिकट व्यवस्था चालू की गई, जिसमें 0–5 वर्ष तक के बच्चों हेतु निःशुल्क, 5–18 वर्ष हेतु रू. 5/– प्रति व्यक्ति तथा 18 वर्ष से अधिक उम्र के व्यक्तियों के लिये रू. 10/– प्रति व्यक्ति टिकट निर्धारित की गई।<br><br>उक्त कार्य की निविदा दिनांक 27.12.2022 को अजमेर विकास प्राधिकरण द्वारा जारी की गई थी, जिसके अनुसार कार्य की तकनीकी बिड दिनांक 23.01.2023 को खोली गई। निविदा में कुल 29 बिड्‌र ने भाग लिया, तकनीकी योग्यता जाँच उपरांत 22 बिड्‌र Responsive पाये गये। Responsive बिड्‌र की वित्तीय बिड दिनांक 30.01.2023 को खोली गई। जिसमें प्राप्त दरें निम्नानुसार है।<br><br>1. ओम श्री गणपति इलेक्ट्रीकल्स– रू. 1016785.00<br>2. गैलेक्सी इन्फ्रा–रू. 1555786.00<br>3. विरेन्द्र सिंह शेखावत–रू. 1617000.00<br>4. मैसर्स इकबाल–रू. 1700786.00<br>5. खण्डेलवाल फूड इन्डस्ट्री–रू. 1808000.00<br>6 चांद सिंह रावत– रू. 1808000.00<br>7. पहल जन सेवा संस्थान–रू. 2100000.00<br>8. मैसर्स रूप किशोर–रू. 2100080.00<br>9. मैसर्स हनुमान यादव–रू. 2378600.00<br>10. मातृ कृपा सर्विसेज–रू. 2500000.00<br>11. आर.एस.ऐन्टरप्राईजेज–रू. 2532000.00<br>12. शिव शक्ति कॉन्टरेक्टर–रू. 3100000.00<br>13 राजधानी सिक्योरिटी सर्विस–रू.4177777.00<br>14. मैसर्स मुकेश विजयवर्गीय–रू. 4251000.00<br>15. पी.सी.सोल्यूशन– रू. 4500000.00<br>16. यस ऐमयूसमेन्ट–रू. 5555899.00<br>17. अशोक कुमार एण्ड सन्स–रू. 5656551.00<br>18. विक्रम सिंह राठौड़–रू. 6210000.00<br>19. रेडियन्ट टूर्स–रू. 4290000.00<br>20. जियोन टेक्नोलोजिस–रू. 7788990.00<br>21 शिव कॉन्टरेक्टर–रू. 8100000<br>22. **भाईजान कन्स्ट्रक्शन–रू. 8786786.00,** | **निदेशक अभियांत्रिकी** |

| | | |
|---|---|---|
| | उपरोक्तानुसार **PPP** मोड पर कराये जाने वाले कार्य की अधिकतम दर भाईजान कन्स्ट्रक्शन द्वारा रू. 8786786/– दी गई। चूंकि कार्य **PPP** मोड पर कराया जाना है। जिसकी स्वीकृति हेतु कार्यकारी समिति अजमेर विकास प्राधिकरण सक्षम है, अतः प्रकरण समिति के समक्ष अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है।<br><br>**निर्णयः– प्रस्तावानुसार PPP मोड पर 7 वण्डर के रख रखाव हेतु प्राप्त अधिकतम दर रू. 8786786/–प्रतिवर्ष की निविदा स्वीकृति प्रदान की गई।** | Engineering ... D.A. Ajmer |
| 12 | **प्रशासन शहरो के संग अभियान–2021 के अन्तर्गत अजमेर शहर में बसी हुई योजनाओं के सर्वे प्लान तैयार करने हेतु प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति बाबत।**<br><br>प्रशासन शहरो के संग अभियान–2021 के अन्तर्गत राज्य सरकार के दिये गये निर्देशो के आधार पर अजमेर शहरी क्षेत्र में बसी हुई कॉलोनियो के सर्वे प्लान अधिकृत नगर मित्रो द्वारा तैयार किये जा कर अधिक से अधिक पट्टा वितरण का कार्य किया जाना है। अजमेर विकास प्राधिकरण द्वारा अभियान के प्रचार–प्रसार से प्रेरित हो कर शहर के विभिन्न क्षेत्रो में बसी हुई कॉलोनी में निवास कर रहे व्यक्तियों द्वारा प्रस्तुत आवेदनो के आधार पर विभिन्न क्षेत्रो का सर्वे कार्य कराये जाने हेतु राज्य सरकार द्वारा जारी आदेश क्रमांक 1000:102/प्रोजेक्ट/पी.एस.के. एस/9105–9344 दिनांक 10.09.2021 में निर्धारित दरो के आधार पर सर्वे प्लान हेतु अधिकृत फर्म मैसर्स कुशल चन्देला को कार्यादेश जारी किये गये।<br><br>प्रारम्भ में प्राधिकरण में पूर्व से लम्बित प्रकरणो एवं सम्भावित क्षेत्रो के आधार पर प्रतिस्पर्धात्मक दरे प्राप्त कर कुल रूपये 10,00,000/– (अक्षरे रूपये दस लाख मात्र) की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्राप्त की गई। परन्तु प्राधिकरण कार्यालय में समय–समय पर निरन्तर रूप से प्राप्त हो रहे सर्वे कार्यों के आवेदन अनुसार लगभग 50 से अधिक बस्तियों के सर्वे प्लान तैयार किये जाने हेतु अधिकृत फर्म को कार्यादेश जारी किये गये जिसके तहत फर्म द्वारा राशि रूपये 73.41 लाख के बिल प्रस्तुत किये गये है जिसमें से फर्म को राशि रूपये 08.98 लाख का भुगतान किया जा चुका है तथा राशि रूपये 64.43 लाख का भुगतान किया जाना शेष है।<br><br>प्राधिकरण की वित्तीय शक्तियों के प्रत्यायोजन की सूची भाग–2 (वस्तु एवं सेवाएँ) के बिन्दु संख्या 01 के अनुसार रूपये 50.00 लाख से अधिक राशि के उपापन हेतु कार्यकारी समिति प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति जारी करने में सक्षम है। अतः प्रकरण में उपरोक्त वर्णित आदेश एवं अविप्रा द्वारा निर्धारित सर्वे दरो में जो भी कम हो की जाँच के आधार पर वर्तमान में बसी हुई कॉलोनियो के सर्वे प्लान के सम्भावित व्यय रूपये 01.00 करोड़ हेतु प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान करने के क्रम में प्रस्ताव कार्यकारी समिति के समक्ष अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है।<br><br>**निर्णयः– प्रस्तावानुसार PSKS-2021 के तहत ले–आउट तैयार करने हेतु 01.00 करोड़ रू. की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति कार्यकारी समिति द्वारा प्रदान की गई।** | **निदेशक आयोजना**<br><br>उप नगर नियोजक अ. वि. प्रा. अजमेर |

| | | |
|---|---|---|
| 13 | **कम्प्यूटर ऑपरेटर संविदा पर रखने की सशोधित A&F राशि रूपये 54.05 लाख की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति बाबत।**<br><br>प्राधिकरण के कार्यादेश क्रमांक 3935 दिनांक 30.06.2021 से फर्म मैसर्स आर.एस. एन्टरप्राईजेज को 30 उच्च कुशल कम्प्यूटर ऑपरेटर श्रम विभाग से अनुमोदित दर रूपये 7774/– प्रतिमाह (रूपये 299 प्रतिदिन अधिकतम 26 दिवस) दिनांक अवधि दिनांक 05.07.2021 से 04.07.2022 तक का किया गया।<br><br>श्रम विभाग की अधिसूचना दिनांक 05.08.2021 से उच्च कुशल श्रमिक (कम्प्यूटर ऑपरेटर) की दर 7774/– प्रतिमाह से बढाकर रूपये 8476/– प्रतिमाह (रूपये 326 प्रतिदिन अधिकतम 26 दिवस) करने से प्राधिकरण के आदेश 268 दिनांक 17.08.2021 बढ़ी हुई दरों से भुगतान करने की स्वीकृति प्रदान की गयी।<br><br>कार्य की मूल प्रशासनिक एवं वित्तिय स्वीकृति राशि रूपये 45.00 लाख की प्राप्त की गयी थी नये टेण्डर फाइनल नही होने के कारण फर्म को राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता नियम 2013 के नियम 29 के प्रावधानानुसार दो माह की समयावृद्धि तथा विभिन्न शाखाओ में कम्प्यूटर ऑपरेटर की मांग अनुसार 37 ऑपरेटर रखने से राशि रूपये 8.00 लाख की संशोधित प्रशासनिक एवं वित्तिय स्वीकृति दी गयी थी। चूंकि कार्य पर कुल व्यय 45+8 = 53 लाख की हो गया था प्राधिकरण की वित्तिय शक्तियों के प्रत्यायोजन की सूची के भाग II (वस्तुयें एवं सेवाये) के बिन्दु संख्या 01 के अनुसार 50.00 लाख से अधिक के उपापन हेतु सक्षमता कार्यकारी समिति में निहित है इसलिए प्रशासनिक एवं वित्तिय स्वीकृति कार्यकारी समिति से प्राप्त होने की प्रत्याशा में भुगतान की अनुशंषा की थी जिसका अनुमोदन सक्षम अधिकारियों द्वारा किया गया था। राशि रूपये 53.00 लाख के व्यय की कार्यकारी समिति की बैठक से अनुमोदन शेष रहा।<br><br>श्रम विभाग की अधिसूचना दिनांक 02.02.2022 से उच्च कुशल (Highly Skilled) कम्प्यूटर ऑपरेटर की न्यूनतम मजदूरी रूपये 333/– प्रतिदिन की गई है। बिन्दु संख्या 11 के अनुसार उक्त मजदूरी की दरें 01.07.2021 से लागू होगी।<br><br>निविदा का शर्त संख्या 06 के अनुसार श्रमिकों को निर्धारित न्यूनतम मजदूरी का भुगतान सुनिश्चित करने के लिए संविदा अवधि के दौरान न्यूनतम मजदूरी दर से श्रम विभाग की अधिसूचना से समय–समय पर वृद्धि | प्रभारी अधिकारी भण्डार |

| | | |
|---|---|---|
| | होने पर उपापन संस्था द्वारा संवेदक को बढ़ी हुई न्यूनतम मजदूरी की सीमा तक अन्तर राशि का भुगतान किया जा सकेगा।<br><br>उक्त आदेशानुसार अंतर राशि का भुगतान करने हेतु राशि रूपये 104531/– अर्थात रूपये 1.05 लाख की अतिरिक्त प्रशासनिक एवं वित्तिय स्वीकृति चाही गयी है उपरोक्त वर्णितानुसार कार्य हेतु कुल राशि रूपये 45.00 लाख + 8.00 लाख + 1.05 लाख = 54.05 लाख वांछित है प्राधिकरण की वित्तिय शक्तियों के प्रत्यायोजन की सूची के भाग II (वस्तुयें एवं सेवाओं) के बिन्दु संख्या 01 के अनुसार 50.00 लाख से अधिक के उपापन हेतु सक्षमता कार्यकारी समिति में निहित है।<br><br>अतः राशि रूपये 54.05 लाख की प्रशासनिक एवं वित्तिय स्वीकृति हेतु प्रस्ताव कार्यकारी समिति की बैठक में अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है।<br><br>**निर्णयः– सर्वसम्मति से 54.05 लाख की प्रशासनिक एवं वित्तिय स्वीकृति कार्यकारी समिति द्वारा प्रदान की गई।** | |
| 14 | **अध्यक्ष, आयुक्त एवं सचिव के वाहनों पर दो वाहन चालक रखने बाबत्।**<br>स्थानीय निधि अंकेक्षण विभाग के आन्तरिक जांच रिपोर्ट प्रतिवेदन वर्ष 2011–13 के आक्षेप संख्या 10 (ल) (ii) से एक ही वाहन पर दो वाहन चालक रखने को आक्षेपनीय मानते हुए अनियमित भुगतान राशि रूपये 80842/– की वसूली निकाली है।<br>अजमेर विकास प्राधिकरण अजमेर का कार्यक्षेत्र अजमेर, पुष्कर, किशनगढ़, एवं सम्बन्धित 118 ग्राम है, जिनके विकास कार्यो के निरीक्षण, भूमि अवाप्ति, भूमि आवंटन, आमजन की समस्याओं का निराकरण करने हेतु अध्यक्ष, आयुक्त एवं सचिव को निरन्तर क्षेत्र में भ्रमण करना होता है। इन कार्यो हेतु राजकीय वाहनों को नियत समय से अधिक समय भी चलाना पड़ता है इसके अतिरिक्त किसी आकस्मिक घटना घटित होने पर भी इन अधिकारियों को समय बेसमय क्षेत्रभ्रमण करना पड़ता है, जिले में आयोजित धार्मिक आयोजनो यथा उर्स मेला एवं पुष्कर मेला, चुनाव कार्य तथा वी.आई.पी ड्यूटी जिला कलक्टर महोदय के आदेशो की पालना इत्यादि के दौरान एक वाहन चालक द्वारा लगातार वाहन चलाना सम्भव नही हो पाता है। लम्बे समय तक एक ही वाहन चालक द्वारा वाहन चलाने से उसकी कार्यक्षमता प्रभावित होती है जिससे दुर्घटनाघटित होने की आशंका रहती है, प्राधिकरण में वर्तमान दर संविदा के अनुसार प्रतिवाहन चालक प्रतिमाह दर राशि रूपये 9800/– मय समस्त कटौतिया (यथा आयकर+G.S.T) अनुमोदित है | **प्रभारी अधिकारी भण्डार** |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | कार्य की आवश्यकता के दृष्टिगत उक्त राशि अल्प है। इसलिए अतिरिक्त समय पर अध्यक्ष, आयुक्त एवं सचिव के वाहनों के संचालन के लिए अतिरिक्त वाहन चालक रखा गया है।<br><br>उपरोक्त वर्णित परिस्थितियों के अनुसार आवश्यकता के दृष्टिगत अध्यक्ष, आयुक्त एवं सचिव के वाहनों पर एक अतिरिक्त वाहन चालक रखने तथा पूर्व में रखे गये दो वाहन चालकों के भुगतान को नियमित करने हेतु प्रस्ताव कार्यकारी समिति की बैठक में अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है।<br><br>**निर्णयः– प्रस्तावानुसार कार्यकारी समिति द्वारा प्रकरण को प्राधिकरण की बैठक में रखने हेतु अनुशंषा की गई ।** | | |
| 15 | **गैर योजना मद में राशि रू. 500 लाख पुर्नवियोजन हेतु प्रस्ताव।**<br><br>प्राधिकरण के वित्तीय वर्ष 2022–23 के बजट में गैर योजना क्षेत्र में निर्माण कार्यो हेतु राशि रूपये 4000 लाख का बजट प्रावधान रखा गया था, जिसमें से आदिनांक तक 37 कार्यो पर राशि रूपये 3946.66 लाख का बजट बुक किया जा चुका है तथा राशि रूपये 53.34 लाख शेष है।<br><br>वित्तीय वर्ष 2022–23 के बजट में योजना क्षेत्र में निर्माण कार्यो हेतु राशि रूपये 4000 लाख का बजट प्रावधान किया गया था जिसमे से आदिनांक तक 43 कार्यो पर राशि रूपये 1869.48 लाख बुक किये जा चुके है तथा राशि रूपये 2130.52 लाख शेष है। निदेशक अभियांत्रिकी से हुई चर्चानुसार अब वित्तीय वर्ष 2022–23 समाप्त होने में मात्र 2 माह ही शेष है तथा वर्तमान में योजना क्षेत्र में कोई बड़ी प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति जारी किया जाना शेष नही है इसलिए योजना क्षेत्र में निर्माण कार्य मद से राशि रूपये 500 लाख गैर योजना क्षेत्र में निर्माण कार्य हेतु निम्नानुसार पुर्नविनियोजन प्रस्तावित किया जाना है। | निदेशक वित्त | |

| क्र.स | मद | बजट आवंटन | पुर्नविनियोजन प्रस्ताव | पुर्नविनियोजन के पश्चात् बजट |
|---|---|---|---|---|
| 1. | योजना क्षेत्र में निर्माण कार्य | 4000 | – 500 | 3500 |
| 2. | गैर योजना क्षेत्र में निर्माण कार्य | 4000 | + 500 | 4500 |

| | | |
|---|---|---|
| | प्राधिकरण की वित्तीय शक्तियों के प्रत्यायोजन की सूची पार्ट III (विविध) के बिन्दु संख्या 02 के अनुसार पुर्नविनियोजन की शक्तियॉ कार्यकारी समिति में निहित है।<br><br>अतः योजना क्षेत्र में निर्माण कार्य मद से राशि रूपये 500 लाख गैर योजना मद में पुर्नविनियोजन करने हेतु प्रस्ताव कार्यकारी समिति की बैठक में अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है।<br><br>**निर्णयः— कार्यकारी समिति द्वारा प्रस्तावानुसार बजट 2022—23 में Reappropriation की स्वीकृति प्रदान की गई।** | (राजकिशोर मीना) निदेशक वित्त |
| 16 | **अन्य बिन्दु अध्यक्ष महोदय की आज्ञा से।**<br><br>**बिन्दु सं. 1 :— पुष्कर मे किये जा रहें गुरूद्वारा परिसर में हॉल के निर्माण कार्य अन्तर्गत Excess Items स्वीकृत किये जाने बाबत्।**<br><br>**कार्य का नामः** Construction of Hall at Gurudwara, Pushkar, Ajmer. (Deposit work)<br><br>उक्त कार्य माननीय मुख्यमंत्री बजट घोषणा 213/2021—22 का है एवं उक्त कार्य राजस्थान पर्यटन विकास निगम लिमिटेड, राज. सरकार का डिपोजिट कार्य है। जिसके अन्तर्गत पुष्कर में स्थित गुरूद्वारा परिसर मे हॉल का निर्माण कार्य करवाया जाना है। उक्त कार्य की डिजाईन करवाने से पूर्व मौके पर Soil Bearing Capacity (SBC) Test करवाया गया था। उक्त रिपोर्ट के आधार पर Consultant से उक्त कार्य के तहत हाल की डिजाईन करवायी गई। प्रबंधक, पुष्कर गुरूद्वारा कमेटी द्वारा मौके पर प्रस्तावित जगह से लगती हुई भूमि पर कुछ भाग shift कर गुरूद्वारा हॉल बनवाये जाने की जगह finalize की गई। जिसके पश्चात finalize की गई जगह पर footing हेतु खुदाई का कार्य किया गया। डिजाईन अनुसार मौके पर footing हेतु 2.5 मी. गहराई तक खुदाई का कार्य किया गया तो हॉल के मौके के आधे से ज्यादा हिस्से में प्रथम दृष्टया मिट्टी Loose पाई गई। जिस कारण संवेदक से मौके पर खुदाई पश्चात् Soil का Plate Load Test करवाया गया। उक्त Test रिपोर्ट अनुसार Soil Bearing Capacity कम प्राप्त हुई जिसके आधार पर कार्य करवाये जाने पर वर्तमान में Excavation, Stone Soling व PCC के आईटम की Quantity में Excess हो रहा है। जिसकी details निम्नानुसार हैः — | **निदेशक अभियांत्रकी** |

(Anil Kumar) Director Engineering A.D.A., Ajmer

(Based On PWD Road BSR 2019)

| S.No | Particular | Quantity as per BoQ | Proposed Quantity (Approx.) | Unit | Rate | Amount as per BoQ | Proposed Amount (Approx.) | Excess | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | Amount | % |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1.00 | Earth work in excavation by mechanical means (Hydraulic excavator )/ manual means over areas (exceeding 30cm in depth. 1.5m in width as well as 10 sqm on plan) including disposal of excavated earth, lead upto 50m and lift upto 1.5 m , disposed earth to be levelled and neatly dressed: All kinds of soil. | 735.75 | 3550.00 | Cum | 192.00 | 141264.00 | 681600.00 | 540336.00 | 382.50 % |
| 3.00 | Add extra for foundation/trenches/ drains for every additional lift of 1.5 Mtr. or part thereof in All kinds of soils. | 424.52 | 1580.00 | Cum | 31.00 | 13160.12 | 48980.00 | 35819.88 | 272.19 % |
| 5.00 | Providing and laying in position cement concrete including curing, compaction etc. complete in specified grade excluding the cost of centering and shuttering - All work up to plinth level. M10 grade Nominal Mix 1: 3: 6 (1 cement : 3 coarse sand : 6 graded stone aggregate 20mm nominal size). | 97.37 | 190.00 | Cum | 3664.00 | 356763.68 | 696160.00 | 339396.32 | 95.13% |
| 12.00 | Random rubble dry stone Kharanja under floor. | 175.69 | 370.00 | Cum | 887.00 | 155837.03 | 328190.00 | 172352.97 | 110.60 % |
| | **BoQ Amount** | 18120295.60 | | | | | | | |
| | **Total** | **18120295.60** | | | | **511187.80** | **1426740.00** | **915552.20** | |
| | Less TP @5.56% | 1007488.44 | | | | 28422.04 | 79326.74 | 50904.70 | |
| | **G. Total** | **17112807.16** | | | | **482765.76** | **1347413.26** | **864647.50** | |
| | | | | | | | | | **5.05%** |
| | | | | | | | | | |

Overall Excess Items 5.05% है, परन्तु Individual Excess Items 50% Limit

| | | |
|---|---|---|
| | से अधिक है जिस कारण SOP के बिन्दु सं. 26 Note-6 अनुसार Excess Items को स्वीकृति किये जाने का सक्षम स्तर कार्यकारी समिति है।<br><br>अतः प्रकरण सक्षम स्तर कार्यकारी समिति के समक्ष निर्णयार्थ प्रस्तुत है।<br><br>**निर्णयः— प्रस्ताव पर विस्तृत विचार विमर्श किया गया एवं सदस्यों द्वारा सुझाव दिया गया कि एक बार पुनः Soil Bearing Capacity (SBC) की जांच कराई जावें तत्पश्चात समस्त तकनीकी तथ्यों के साथ आगामी कार्यकारी समिति बैठक में प्रकरण को रखे जाने हेतु सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया।** | (... Kumar) ...ctor Engineering A.D.A., Ajmer |

**<u>अन्त में बैठक सधन्यवाद समाप्त की गई</u>**
**<u>यह बैठक कार्यवाही विवरण सक्षम स्तर से अनुमोदित है।</u>**

**(अमानुल्लाह खान)**
**सचिव,**
**अजमेर विकास प्राधिकरण,**
**अजमेर**

**दिनांक** 3/2/23

**क्रमांक / अविप्रा / सचिव / 2023 /** 619—41

**प्रतिलिपिः— निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :—**

1. निजी सचिव ,प्रमुख शासन सचिव, नगरीय विकास विभाग,राजस्थान,जयपुर।
2. निजी सहायक जिला कलक्टर एवं, अध्यक्ष, अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर।
3. निजी सचिव, संयुक्त शासन सचिव—प्रथम,नगरीय विकास विभाग,राजस्थान,जयपुर।
4. सहायक, आयुक्त,अजमेर विकास प्राधिकरण ,अजमेर।
5. निजी सहायक,पुलिस अधीक्षक,अजमेर।
6. निजी सहायक,आयुक्त,नगर निगम,अजमेर।
7. मुख्य अभियंता, अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड, अजमेर।
8. अति. मुख्य अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, जोन अजमेर।
9. अति. मुख्य अभियन्ता, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, जोन अजमेर।
10. सलाहकार (एएण्डएम) राजस्थान राज्य औद्योगिकी विकास एवं विनियोजन नि.लि. जयपुर।
11. कार्यकारी निदेशक (यांत्रिकी) (महाप्रबन्धक अभियांत्रिकी), राजस्थान राज्य परिवहन नि.लि. जयपुर।
12. उपनिदेशक, पर्यटन विभाग, अजमेर।
13. निदेशक अभियांत्रिकी / आयोजना / वित्त / विधि, अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर।
14. कार्यकारी अधिकारी, नगरपालिका पुष्कर, अजमेर।
15. आयुक्त, नगर परिषद, किशनगढ़, अजमेर।
16. अधीक्षण अभियन्ता, अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर।
17. उपायुक्त उत्तर / दक्षिण / पुष्कर / किशनगढ़, अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर।
18. प्रभारी अधिकारी भण्डार शाखा, अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर।

**सचिव,**
**अजमेर विकास प्राधिकरण,**